# दिल्ली पब्लिक स्कूल , जम्मू सत्र

## 2021–22

### बुनियादी कार्य पत्र (1)

कक्षा– छठी

विषय – हिंदी

उपविषय – भाषा, लिपि और व्याकरण

वचन

प्रस्तावना – मनुष्य जिन ध्वनियों को बोल कर अपनी बात कहते है, उसे भाषा कहते हैं। भाषा वह साधन है, जिस के द्वारा मनुष्य बोल कर , सुनकर , लिखकर व पढ़कर अपने मन के भावों या विचारों को आदान–प्रदान करता है।

भाषा के दो रूप हैं।–

1) मौखिक भाषा 2) लिखित भाषा

1) मौखिक भाषा– जब व्यक्ति अपने मन के भावों को बोल कर व्यक्त करता है, तो वह भाषा का मौखिक रूप कहलाता है।

2) लिखित भाषा– जब व्यक्ति अपने मन के भावों को लिखकर व्यक्त करता है, तो वब भाषा का लिखित रूप कहलाता है।

भारतीय संविधान में 22 भाषाओं को मान्यता प्रदान की गई है, जो इस प्रकार है–

1) हिंदी 2) पंजाबी 3) उर्दू 4) डोगरी 5) कोंकणी 6) मराठी
7) गुजराती 8) ओडिया 9) असमिया 10) बंगाली 11) कश्मीरी 12) मलयालम
13) कन्नड 14) तेलुगू 15) तमिल 16) बोडो 17) संथाली 18) नेपाली
19) मैथिली 20) सिंधी 21) संस्कृत 22) मणिपुरी

ध्वनियों को लिखने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, वह लिपि कहलाती है। कुछ प्रसिद्ध भाषाएँ एवं उनकी लिपि यों के नाम इस प्रकार हैं–

| | भाषा | लिपि |
|---|---|---|
| 1) | हिंदी, संस्कृत , मराठी | देवनागरी |
| 2) | पंजाबी | गुरुमुखी |

| | | |
|---|---|---|
| 3) | उर्दू | फ़ारसी |
| 4) | अंग्रेज़ी | रोमन |
| 5) | बंगाली | बाँग्ला |
| 6) | फ्रेंच | रोमन |
| 7) | जर्मन | रोमन |
| 8) | स्पेनिश | रोमन |

## (वचन)

संज्ञा के जिस रूप से किसी व्यक्ति , वस्तु के एक से अधिक होने का या एक होने का पता चले, उसे वचन कहते हैं। वचन के दो भेद हैं–

1. एकवचन 2. बहुवचन

**1-** एकवचन–संज्ञा के जिस रुप से एक व्यक्ति या एक वस्तु होने का ज्ञान हो, उसे एकवचन कहते हैं। जैसे– लड़का, लड़की, बच्चा आदि।

**2-** बहुवचन– संज्ञा के जिस रुप से एक से अधिक व्यक्ति या वस्तु होने का ज्ञान हो, उसे बहुवचन कहते हैं। जैसे–लड़के, लड़कियाँ, बच्चे आदि।

वचन के कुछ शब्दों का प्रयोग सदैव एकवचन में ही होता है। जैसे– तेल , घी, पानी, दूध, दही, लस्सी आदि।

वचन के कुछ शब्दों का प्रयोग सदैव बहुवचन में किया जाता है। जैसे– प्राण, आसूँ, लोग, समाचार आदि।

हल सहित प्रश्न/उत्तर

प्र०1 निम्नलि खित वाक्यों में भाषा का रुप पहचानिए – क. नेताजी भाषण दे

रहे हैं।

☐ मौखिक भाषा

ख. माँ रोडियो से गाना सुन रही है।

☐ मौखिक भाषा

प्र०2 निम्नलिखित भाषाओं की लिपि यों के नाम लिखिए –

उ०–क्र० स ं०		भाषा		लिपि

**1-**	संस्कृत	देवनागरी

**2-**	पंजाबी	गुरुमुखी

प्र०3 भारतीय संविधान में मान्यता प्राप्त कोई तीन भाषाओं के नाम लिखिए– उ०– क. हिंदी ख. डोगरी ग. नेपाली

प्र०4 निम्नलिखित वाक्यों के वचन बदल कर वाक्य दोबारा लिखिए :– उ० क. लड़की हँस रही है।

→ लड़कियाँ हँस रही है।

ख. हलवाई मिठाई बना रहा है।

→ हलवाई मिठाइयाँ बना रहा है।

प्र०5 सदैव एकवचन में प्रयुक्त होने वाले किन्हीं दो शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए –

उ० क. हमें रोज़ दूध पीना चाहिए।

ख. हमें साफ़ पानी पीना चाहिए ।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल , जम्मू सत्र

## 2021–22

### बुनियादी कार्य पत्र (2)

कक्षा– छठी

विषय – हिंदी

उपविषय – भाषा, लिपि और व्याकरण,
वचन

प्र०1 निम्नलिखित भाषाओं की लिपियों के नाम लिखिए ।

| क्र० सं० | भाषा | लिपि |
|---|---|---|
| क) | हिंदी | |
| ख) | अंग्रेज़ी | |
| ग) | संस्कृत | |
| घ) | उर्दू | |
| ङ.) | जर्मन | |

प्र०2 निम्नलिखित में भाषा के किस रूप का प्रयोग होता है।

क) पुस्तक

ख) भाषण

ग) तार

घ) संगीत

ङ.) फोन पर बाते करना

प्र०3 भारतीय संविधान में मान्यता प्राप्त पाँच भाषाओं में नाम लिखिए ।

प्र०4 निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए ।

क) किताब

ख) कपड़े

ग) नदी

घ) टोपियाँ

ड.) कमरा

प्र०5 निम्नलिखित वाक्यों के वचन बदल कर वाक्य दोबारा लिखिए ।

क) घोड़ा दौड़ रहा है।

ख) लड़कियाँ कहानियाँ पढ रही हैं।

ग) बच्चा केला खा रहा है।

घ) वर्षा की कमी से नदियाँ सूख गई।

ड.) बच्चा कार्टून देख रहा है।